हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
29 अक्तूबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक अधिक से अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रधानमंत्री द्वारा आज 51 हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपे गए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद दिवस पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार की शुरुआत की।
- श्री मोदी ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर बिलौच गांव में 15 बिस्तर के अस्पताल की आधारशिला रखी।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस की बधाई दी।
- हरियाणा में धनतेरस के त्यौहार पर लोगों ने जमकर खरीदारी की।

****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक अधिक से अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
प्रधानमंत्री विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और अंतरिक्ष से लेकर विद्युत वाहन में नई प्रौद्योगिकी सहित प्रत्येक क्षेत्र में मेक-इन-इंडिया को बढ़ावा दिया है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को लगातार स्थायी सरकारी नौकरियां दे रही है।
हमारे संवाददाता ने बताया कि नव-नियुक्त युवाओं को केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।
****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का भी शुभारंभ किया। इससे सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किए बिना स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने में मदद मिलेगी।प्रधानमंत्री ने लगभग 12 हज़ार 850 करोड़ रुपए की से लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया।श्री मोदी ने बल्लभगढ़ और पृथला विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर बिल्लौच गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 बिस्तर के अस्पताल की आधारशिला रखी और बल्लभगढ़ में एम्स के अंतर्गत व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा परियोजना का उद्घाटन किया। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि यह अस्पताल सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को दूरदराज के इलाकों तक पहुँचाने की नीति के अंतर्गत स्थापित किया जा रहा है।इसके साथ ही, श्री मोदी ने फरीदाबाद के कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एक नए अनुसंधान केंद्र और अस्पताल में 500 अतिरिक्त बेड की सुविधा का भी उद्घाटन किया गया।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टीवीएसएन प्रसाद ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में डॉ. बी.आर. अंबेडकर सम्मेलन हॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह नवनिर्मित हॉल भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर के प्रति एक श्रद्धांजलि है।डॉ. प्रसाद ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने समानता, शासन और आत्मनिर्भरता पर सदैव जोर दिया और उनके इस विज़न के लिए हम उनके ऋणी हैं।मुख्य सचिव ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस हॉल हरियाणा सिविल सचिवालय कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल के माहौल को बेहतर बनाने और उत्कृष्टता, समावेशिता व समर्पित सार्वजनिक सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

*************************************************************************

हरियाणा के पंचकूला जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के भानु स्थित प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आयोजन के तहत सतर्कता की आवश्यकता क्यों विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी करवाई गई । जवानों को बताया गया कि भ्रष्टाचार के निवारणके लिए सतर्कता जरूरी है। श्री निंबाडिया ने कहा कि अगले तीन दिन तक आसपास के स्कूलों व पंचायतों में सतर्कता के विषय पर कार्यक्रम करवाए जाएंगे।

**************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने धनतेरस के पावन अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं ।श्री दत्तात्रेय ने धनतेरस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अनूठा त्यौहार सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है, जो धन, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है।राज्यपाल ने कहा कि धनतेरस का त्यौहार न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि एकजुटता और दान की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने लोगों से पारंपरिक मूल्यों का सम्मान करने और जिम्मेदारी से जश्न मनाने, आपस में खुशी साझा करके धनतेरस के सार को अपनाने का आग्रह किया।

**************************************************************************

आज हरियाणा सहित देशभर में धनतेरस का त्यौहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ।

हिसार से हमारे संवाददाता सुरेंद्र कुमार ने बताया है कि लोग खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में बाजार में पहुंच रहे हैं।आभूषण विक्रेता राघव गर्ग ने बताया कि धनतेरस पर सोने चांदी के आभूषण व मूर्तियों की खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

दुकानदारों ने बताया कि लोग धनतेरस पर इस बार चाँदी की बनी मूर्तियाँ खरीद रहे हैं।सोने से बने आभूषण भी त्यौहार के अवसर पर खूब खरीदे जा रहे हैं।खरीदारी करने पंहुचे स्थानीय लोगों ने कहा कि हमारी संस्कृति में सोने और चांदी को धनतेरस के अवसर पर खरीदना शुभ माना जाता है।

ख़रीदारी करने आये लोगो ने बताया कि धनतेरस पर सोने चाँदी और बर्तनों की ख़रीदारी की परंपरा चली आ रही है । इस बार धनतेरस कल दोपहर तक मनाई  जाएगी तो कल भी धनतेरस की ख़रीदारी होगी ।

***********************************************************************

रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में  कल गैर शिक्षक कर्मियों का अवकाश रहेगा।कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि छोटी दीपावली के उपलक्ष्य में गैर शिक्षक कर्मियों के लिए अवकाश की घोषणा की गई है। वे  इस अवकाश की एवज में  विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार किसी अन्य अवकाश पर कार्य करेंगे।